प्रकाशनार्थ –

उज्जैन 20 अप्रैल । जूनापीठाधीश्वर आचार्यमहामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी के तत्वावधान में आयोजित प्रभु प्रेमी संघ शिविर का शुभारम्भ प्रातः 07:30 बजे परमपूज्य कार्ष्णि पीठाधीश्वर स्वामी गुरुशरणानन्द जी महाराज के आशीर्वाद से आरम्भ हुआ। शिविर की अधिशासी प्रभारी महामण्डलेश्वर स्वामी नैसर्गिका गिरि जी, परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज तथा श्री माखन सिंह, अध्यक्ष, सिंहस्थ कुम्भ समिति, उज्जैन की उपस्थिति में शिविर में स्थापित 71 फीट ऊँची धर्म ध्वजा का पूजन व आरोहण शिविर के अध्यक्ष श्री विनोद अग्रवाल ने किया।

आज से आरम्भ हुए शिविर में श्रीमन्दिरम् में देव प्रतिष्ठा एवं पूजन आरम्भ हुआ। पूज्य संतों की मण्डलियों को खड़ी भिक्षा प्रदान की गई।

पूज्य आचार्यश्री स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी ने वैदिक महायज्ञ का शुभारम्भ वैदिक रीति से किया। यह वैदिक यज्ञ 20 अप्रैल से 19 मई तक चारों वेदों की सभी शाखाओं का क्रमपाठ, घनपाठ, जटापाठ तथा होमात्मक, मन्त्र–ऋचात्मक होगा जोकि लोककल्याणार्थ आयोजित हो रहा है। ऐसा सुयोग इस भूमण्डल पर अनेक वर्षों बाद निर्मित हुआ है।

पूज्य आचार्यश्री ने शिविर निवास श्रीदत्तसदन में पूज्य सन्तगणों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा प्रवेश किया। सायंकालीन सत्र में आशीर्वाद हेतु परम गुरुदेव पद्मभूषण निवृत्त शंकराचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरि जी महाराज का पावन आगमन हुआ। उनके द्वारा श्रीमन्दिरम् में भगवान गणपति तथा सालासर बालाजी महाराज की प्रथम आरती की गई।

कल के कार्यक्रम –

- प्रातः 10:00 बजे – प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी, महामहिम राज्यपाल, हरियाण–पंजाब का आगमन एवं वैदिक यज्ञ आचार्य वरण व प्रथम मंत्रात्मक आहुति।
- रात्रि 08:00 बजे – पद्मविभूषण पं. जसराज जी का शास्त्रीय गायन। दीप प्रज्जवलन प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी, महामहिम राज्यपाल, हरियाण–पंजाब एवं श्री माखन सिंह, अध्यक्ष, सिंहस्थ कुम्भ समिति, उज्जैन के द्वारा।

धन्यवाद –

निवेदक

(स्वामी नचिकेता गिरि)
कुम्भ शिविर प्रभारी
सम्पर्क : +91 7500068998

कार्यालय सचिव
सम्पर्क : +91 9917277022; 9991537200.

***